स्थापित २००५ ई.
नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''
महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर
7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

पत्रांक.............................. दिनांक : 02.07.2021

# प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आज वार्षिक योजना बैठक का शुभारंभ हुआ। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने की। बैठक में सत्र 2021–22 में महाविद्यालय के संचालन हेतु विविध योजनाओं पर चर्चा की गई। शैक्षिक पंचांग, दायित्व सह विभाग, पठन–पाठन, अनुशासन एवं परिसर से सम्बन्धित अलग–अलग क्रिया कलापों पर प्राचार्य ने शिक्षकों के साथ विचार विमर्श किया। कोरोना काल की बदली हुई परिस्थितियों में किस प्रकार आने वाले सत्र का संचालन किया जाए तथा वार्षिक परीक्षाओं के आयोजन के सम्बन्ध में प्राचार्य ने महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। साथ ही साथ परीक्षा शुचितापूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर श्री मंजेश्वर, श्री नंदन शर्मा, डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ आर.एन. सिंह, डॉ. आरती सिंह, डॉ. अभय श्रीवास्तव, श्रीमती शिप्रा सिंह, श्रीमती कविता मन्ध्यान, डॉ. अभिषेक सिंह, श्री अभिषेक वर्मा आदि शिक्षकों ने भी अपने विचार रखे। महाविद्यालय के सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सुबोध कुमार मिश्र ने बताया की योजना बैठक आगामी 6 दिनों तक चलेगी। योजना बैठक के कुछ बचे हुए बिंदुओं पर आने वाले दिनों में विचार विमर्श किया जाएगा।

SKmishra

डॉ. सुबोध कुमार मिश्र
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी